तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 टैक्स वसूली के लिए वार्डों में निकली निगम टीम की...





14 आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर धमतरी में खेलों की गूंज




## खबर संक्षेप

### आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज की बैठक 31 को

**सिर्री।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज तहसील कुरुद की बैठक 31 अगस्त को आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज सामुदायिक भवन ग्राम सिर्री में दोपहर 12 बजे से रखी गई है। बैठक एजेंडा सामाजिक नियमावली का पाठन एवं प्रकाशन हेतु अंतिम रूप एवं रसीद बुक वितरण, पाली, परिक्षेत्र का दो वर्ष का सामाजिक गतिविधियों एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। समाज के अध्यक्ष ललित ठाकुर एवं झागेश्वर ध्रुव पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति कुरूद, फलेंद्र ध्रुव, तहसील महासचिव पोखराज नेताम परिक्षेत्र सचिव, तेजराम छेदैया कार्यवाहक अध्यक्ष तहसील कुरूद ने समस्त सामाजिक बंधुओं से ग्राम सिर्री के बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

### जहर सेवन से वृद्ध की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक वृद्ध ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम बकली निवासी गोविन्दराम साहू पिता साधुराम उम्र 62 वर्ष बुधवार को घर में अकेला था। इसी दौरान वृद्ध ने कीटनाशक दवाई का सवेन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर वृद्ध को उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले गए। जहां से धमतरी लाकर मसीही अस्पताल में भर्ती कराए थे। अस्पताल में इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई है। वृद्ध के जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

काम की सुस्त रफ्तार को देखते हुए तीन साल बढ़ाई गई है समय सीमा

# जल जीवन मिशन : 205 गांवों में निर्माण कार्य अधूरे, 11 टंकिया भी निर्माणाधीन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

टाइम लाइन में जल जीवन मिशन का काम पूरा नहीं हो पाया, जिसके चलते इसकी समय सीमा बढ़ा दी है। इसके बाद भी काम सुस्त गति से चल रहा है। अभी भी पूरे जिले में 200 से ज्यादा गांवों में पानी सप्लाई का काम अधूरा है। पीएचई द्वारा लगातार ठेकेदारों पर काम पूरा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। राहत की बात है कि जिले के 99 प्रतिशत घरों में किसी न किसी माध्यम से जल पहुंचाया जा रहा है।

हर घर शुद्ध पानी पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार ने जल जीवन मिशन की शुरूआत की है। इस योजना के तहत सालों से काम चल रहा है। ओव्हर हेड टंकी सहित अन्य स्ट्रक्चर निर्माण किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत वृहद स्तर पर काम किया जा रहा है, इसके बाद भी तय समय सीमा में काम नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार मार्च 2025 तक इस योजना के तहत काम पूरा करने का लक्ष्य दिया गया था लेकिन इस समय सीमा में काम कम्पलीट नहीं हो पाया। हालांकि काफी काम हो चुका है, लेकिन बचे हुए कार्यों में काफी समय लग रहा है। स्थिति को देखते हुए जल जीवन मिशन की समय सीमा में बढ़ोत्तरी कर दी गई है। अब इस योजना के तहत 2028 तक जिले के सभी घरों में शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।



### 418 गांवों में शत प्रतिशत काम

जानकारी के अनुसार जिले के सभी 623 गांवों में शत प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन दिया जाना है। अब तक 418 गांवों में शत प्रतिशत घरों में कनेक्शन दिया गया है। इन गांवों में काम कम्पलीट होने का सर्टिफिकेशन भी हो चुका है। पंचायत द्वारा सभी घरों में नल कनेक्शन लगने की पुष्टि करते हुए संतुष्टि पत्र भी दिया गया, लेकिन 205 गांवों में कुछ न कुछ काम बाकी है, जिसके चलते इन गांवों में सभी घरों में नल कनेक्शन नहीं पहुंच पाया है।

### टंकी निर्माण भी बाकी

जल जीवन मिशन के तहत कुल 409 ओव्हरहेड पानी टंकी निर्माण स्वीकृत है। इसमें से 398 पानी टंकियां बनकर तैयार है। अधिकांश टंकियां चालू भी हो चुकी हैं। 11 पानी टंकियों का निर्माण चल रहा है। यही स्थिति पाइप लाइन को लेकर है। राहत की बात है कि घरों में पानी पहुंचाने के मामले में जिले की स्थिति अच्छी है। जानकारी के अनुसार जिले के 1 लाख 54 हजार 784 घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसमें से 99 प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन दिया चुका है।

# हजारों रुपए के हेरोइन के साथ तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अवैध रूप से हेरोइन की बिक्री कर रहे तीन युवकों को कोतवाली पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हजारो रुपए की हेरोइन बरामद की गई है।

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार पुलिस द्वारा जिले में तस्करी व नशे के सौदागरों पर लगातार नकेल कसी जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने हेरोइन की बिक्री कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रिसाईपारा स्थित कोडूमल धर्मशाला के पास तीन युवकों द्वारा अवैध रूप से हेरोइन (चिट्टा) की बिक्री की जा रही है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच घेराबंदी कर संदिग्ध तीनों युवको को पकड़कर पूछताछ किया। इस दौरान युवकों ने अपना नाम मुकेश कुमार पिता अमरनाथ निवासी सोरिद डिपोपारा, मुज्जमिल उर्फ मज्जू खान पिता शहजाद खान रिसाईपारा कोडूमल धर्मशाला के पास व सैय्यद नसीम खान पिता करीम खान अधारी नवागांव धमतरी निवासी बताया। पुलिस ने तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 13.6 ग्राम हेरोइन कीमत 63 हजार रुपए सहित अन्य सामान जप्त किया है। पुलिस ने कोतवाली थाना में धारा 21 (ए), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी मुकेश, मुज्जमिल व सै. नसीम खान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



### हेरोइन समेत 98 हजार का सामान जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13.6 ग्राम हेरोइन, 3 नग मोबाइल कीमत 24 हजार, 1 नग इलेक्ट्रानिक तौल मशीन 300 रुपए, बिक्री रकम 11 हजार 40 रुपए, 13 नग सिल्वर पन्नी, 10 रुपए का अधजला नोट एवं क्यूआर कोड फोनपे, कुल 98 हजार 340 रुपए जप्त किया गया है। पुलिस ने आमजनता से नशे से जुड़ी किसी भी तरह की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील करते हुए कहा है कि सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

बांध घूमकर लौट रहे थे तीन दोस्त

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोंढूर बांध घूमकर वापस लौट रहे ट्रिपल सवार युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर खम्भे से टकरा गई। घटना में एक युवक की मौत हो गई है वहीं दो युवक घायल हो गए हैं।

अस्पताल पुलिस व परिजनों के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम केकराखोली निवासी भानूराम मरकाम पिता शंकरलाल उम्र 23 वर्ष गांव के अपने दो साथी चिंता मंडावी व सुरेश यादव के साथ बुधवार को बाइक से घूमने के लिए सोंढूर बांध गया था। शाम को तीनों बाइक से वापस अपने गांव केकराखोली लौट रहे थे। इसी दौरान नगरी क्षेत्र के ग्राम लीलांच के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर खम्भे से टकरा गई। घटना में भानूराम गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दो युवकों को भी चोट लगी है। घायलों को उपचार के लिए नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां भानूराम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे धमतरी रिफर कर दिया गया। घायल को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने गुरूवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। हादसे में बाइक सवार दो घायलों को मामूली चोट लगी है।




## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के शत्रुहन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

**धमतरी।** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ (ए.आई.बी.सी.एफ.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र कुमार सिंह चन्दापुरी ने संगठन की राष्ट्रीय



कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए धमतरी जिले के समाजसेवी एवं जनहितैषी अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्रभर में हर्ष की लहर है। पत्र जारी कर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की है कि श्री साहू अपने पद की गरिमा और जिम्मेदारी का निर्वहन निष्ठा एवं ईमानदारी से करेंगे और संघ की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति पश्चात श्री साहू ने कहा है कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का विषय है कि मुझे अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। मैं संगठन की विचारधारा-न्याय, समानता और बंधुत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेता हूँ। समाज के वंचित, शोषित, पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति और अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार के क्षेत्र में न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### जिला कुश्ती टीम का चयन आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन रायगढ़ में किया जा रहा है। जिला कुश्ती टीम का चयन 29 अगस्त को इण्डोर स्टेडियम आमातालाब में होगा। जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाएं।

### पूरक प्रायोगिक परीक्षा आज

**धमतरी।** जिले के महाविद्यालयों में 29 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से बीएससी व्दितीय एवं तृतीय वर्ष रसायनशास्त्र की पूरक प्रायोगिक परीक्षा होगी। संबंधित समस्त छात्र-छात्राएं अपनी आवश्यक सामग्री के साथ परीक्षा में शामिल होंगे। अनुपस्थित रहने पर परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### सोंढूर नहर नाली विस्तार हेतु किसान संगठित हों : महेन्द्र

**नगरी।** सोंढूर नहर नाली का विस्तार डोंगरडूला-दुगली-गट्टासिली-सिंगपुर तक की मांग पिछले 25 सालों से नहर नाली संघर्ष समिति के माध्यम से की जा रही है। इतने सालों में यह काम नहीं हुआ। साथ ही पिछली सरकार किसान हितैषी होने की बात करती रही लेकिन सोंढूर नहर नाली का विस्तार की मांग पर मुंह मोड़ ली। वनग्राम संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने कहा कि क्षेत्र में मुख्यमंत्री के आगमन से इस क्षेत्र के किसी भी किसान का भला नहीं हुआ बल्कि हताशा छाई है। अपने आपको किसान की हितैषी बताने वाली सरकार भी सोंढूर नहर नाली के विस्तार में अक्षम साबित हुआ। क्षेत्र वासियों को उम्मीद है अब वर्तमान में विष्णुदेव की सरकार से सोंढूर नहर नाली का विस्तार डोंगरडूला-दुगली-गट्टासिली-सिंगपुर तक शीघ्र प्रारम्भ हो। महेन्द्र नेताम उपाध्यक्ष वनग्राम संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और सिंचाई मंत्री केदार कश्यप से शीघ्र ही क्षेत्र के किसानों के साथ मिलकर इस बहुप्रतिक्षित मांग के निराकरण हेतु प्राथमिकता देने की मांग रखेंगे। उन्होंने क्षेत्र के किसानों को एकजुट होकर आने वाली पीढ़ी के लिए सौगात देने का आह्वान किया है। शीघ्र ही एक वृहद बैठक आयोजित कर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा।

## निधन

### श्रीमती हेमलता साहू

**धमतरी।** नवागांव (थूहा) धमतरी निवासी श्रीमती हेमलता साहू का



निधन बुधवार 27 अगस्त हो गया। वे महेश साहू की धर्मपत्नी एवं शैलेंद्र, संदीप की माता थीं। जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के श्मशान घाट में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में वरिष्ठ नागरिकजनों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

कोटेश्वर महादेव धाम में ऋषि पंचमी पर वैद्यराज सम्मेलन सम्पन्न

# छत्तीसगढ़ को मिली है 'हर्बल स्टेट' की पहचान : विकास



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ऋषि पंचमी के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत डोगरडुला अंतर्गत भीमा कोटेश्वर कोटाभर्री धाम में गुरुवार को वैद्यराज सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर ग्राम के देवी-देवताओं एवं शीतला माता के सान्निध्य में धार्मिक, सांस्कृतिक और परंपरागत औषधीय परंपराओं से जुड़ा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ को 1 नवंबर 2000 को राज्य गठन के बाद 'हर्बल स्टेट' की पहचान मिली है। औषधीय पौधों, जंगल, वन्यजीव और प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर यह प्रदेश आज पूरे देश में विशिष्ट स्थान रखता है। उन्होंने सिहावा नगरी को सप्तऋषियों की कर्मस्थली बताते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही यहां ऋषि-मुनियों ने समाज की बुराइयों को दूर करने और औषधीय पौधों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। यह ज्ञान परंपरा आज भी जीवित है, और इसे आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। मरकाम ने कहा कि परंपरागत वैद्यराजों को प्रशिक्षण, प्रमाणपत्र




और आर्थिक सुदृढ़ीकरण दिलाने की दिशा में शासन ठोस नीति बना रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि नारायणपुर के वैद्यराज हेमचंद मांझी को उनकी सेवाओं के लिए पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया गया है, जो परंपरागत औषधीय ज्ञान की महत्ता को दर्शाता है। उन्होंने आगामी समय में रायपुर में छत्तीसगढ़ स्तरीय वैद्यराज सम्मेलन और राज्य की रजत जयंती पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की जानकारी दी। साथ ही कोटेश्वर महादेव क्षेत्र में वन औषधि गार्डन और अधूरे प्रोजेक्ट शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर वैद्य संघ प्रदेश अध्यक्ष दशरत नेताम ने कहा कि हमारे जंगल औषधियों का खजाना हैं। यदि हम उन्हें जानें और समझें तो अनेक बीमारियों का उपचार संभव है। उन्होंने ग्रामीणों से इनका उपयोग कर परंपरा को जीवित रखने का आह्वान किया।

सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, उपाध्यक्ष गौकरण साहू, वन सभापति अजय ध्रुव, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, सरपंच स्मृति नेताम, पूर्व सरपंच फुलेश्वरी, विमला देवांगन, कौशल्या बंजारे, पुष्पा बंजारे, प्रमिला मरकाम, भगवती बाई मरकाम, जानकी बाई मरकाम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

पादप बोर्ड के सीईओ श्री राव ने कहा कि हमारे बोर्ड के माध्यम से तैयार औषधियां दिल्ली तक पहुंच चुकी हैं। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक ज्ञान न केवल प्रदेश बल्कि देश को भी स्वस्थ रखने में योगदान देगा।

# ग्रामीणों ने की आमगांव में शराबबंदी की मांग



■ महुआ शराब से गांव के युवाओं में नशाखोरी, लड़ाई झगड़ा की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत आमगांव ने गांव में शराब पाबंदी के लिए कलेक्टर को आवेदन सौंपा है।

बेलरगांव तहसील के ग्राम आमगांव सरपंच श्री ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि आमगांव पंचायत के ग्रामसभा में आवश्यक बैठक में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय लिया गया है। शराब बनाना, बेचना, सेवन करना तथा ग्रामीण व्यवस्था का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति से आर्थिक दण्ड लिया जाएगा। इसकी मुनादी कोटवार के माध्यम से कराई गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि गांव के युवा बच्चे शराब के आदी होते जा रहे है। जिससे गांव में अनेक प्रकार से लड़ाई झगड़ा, अनहोनी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आमगांव के ग्रामीणों ने शराब पर पाबंदी लगाने की मांग की है।

# जोरातराई में विराजे गणपति बप्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद सहित अंचल में गणेशोत्सव की धूम देखी जा रही है। गांवों में बनी समितियां विभिन्न चौक चौराहे में पंडाल सजा प्रथम पूज्य देव गणपति की मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना में लीन है। सुबह से लेकर शाम तक भक्ति गीतों से गांव का माहौल भी धर्ममय हो चुका है। इसी क्रम में सद्भावना चौक कला मंच में हिन्दू धर्म जागरण समिति के युवाओं ने बुधवार शाम गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की। जिसमें



नीतेश गंजीर, चंद्रकांत गंजीर, हीरेन्द्र गंजीर, आशीष गंजीर, प्रशांत गंजीर, विवेक साहू, चंद्रशेखर साहू, कमलेश साहू, मोनेन्द्र, धवल, संजू, नुरेन्द्र साहू आदि युवाओं ने पंडाल सजा भक्ति आराधना में लीन है।

### संजय नगर में विराजे गणपति

**कुरूद।** बढ़ते कदम बाल गणेश उत्सव समिति गायत्री मंदिर संजय नगर कुरुद में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना कर छोटे-छोटे बच्चों सहित मोहल्लेवासी पूजा अर्चना कर रहे है।



# थूहा में तीजहारिनों को खिलाया करू भात



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम थूहा में तीज पोला के पावन अवसर पर युवा संगठन के द्वारा गांव में आई हुई समस्त तीजहारिनों को करू भात खिलाया गया। जिसमें लगभग 500 माताएं और बहने करू भात खाने शामिल हुई।

युवा संगठन के गब्बर सोनी, धर्मेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, गुलशन साहू, दिशांत, गगन चंद्राकर, चुम्मन गंगाधर, गजाधर, नंदकिशोर रितेश, योगेश, रामलाल साहू, रूपेश विश्वकर्मा, खेमसिंह ध्रुव एवं समस्त युवा संगठन सहित अन्य ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से क्षेत्रवासियों ने सौजन्य मुलाकात की है। किसान संघर्ष समिति व शाला प्रबंधन समिति का संयुक्त प्रतिनिधि मंडल छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से दुर्ग कार्यालय में सौजन्य मुलाक़ात की। उन्हें केबिनेट मंत्री बनने पर गणेश जी स्मृति चिन्ह भेट की। साथ ही हाईस्कूल तुमडीबहार को हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन तथा हाईस्कूल में



प्राथना शेड निर्माण व सायकल शेड, निर्माण ग्राम पंचायत मेचका के आदिवासी कन्या आश्रम शाला को मेचका को उन्नयन के लिए विशेष चर्चा कर ज्ञापन सौपा गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मेचका के सरपंच जीवन लाल नाग, वोषित कौशल अध्यक्ष हाई स्कूल तुमड़ीबहार के शाला प्रबंधन विकास समिति सदस्य डीके यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ छ. ग घनश्याम नेताम, सदस्य, श्रीधन सोम जनपद सदस्य रूपेश नाग उपसरपंच कैलाश साहू, प्रवीण यादव आदि उपस्थित थे।

# साईं मंदिर में शिव-पार्वती पूजा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मधुबन धाम में साईं मंदिर स्थापित है। तीजा, पोला के पावन अवसर पर साईं मंदिर में शिव पार्वती की पूजा पं. राघव वैष्णव के द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चार कर सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर पं. नवलकिशोर दास, राघव वैष्णव, शारदा देवी, सुलोचना देवी सहित ग्राम रांकाडीह, खैरझिटी से दर्जनों महिला पुरुष शामिल रहे।



# खुरसेंगा में विधायक निधि से बनेगा पांच लाख का मुक्तिधाम शेड, भूमिपूजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम खुरसेंगा में विधायक निधि के 5 लाख की राशि से निर्माण होने वाले मुक्तिधाम शेड का भूमिपूजन शमशान घाट में किया गया। जिससे कि अब मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार करने में तकलीफ नहीं होगी। इस अवसर पर गांव के सरपंच हरिशंकर साहू उपसरपंच प्रतिनिधि बुद्धेश्वर साहू, पंचगण प्रतिनिधि कन्हैया साहू, दुष्यंत यादव, पन्ना ध्रुव और गांव के भाजपा प्रमुख लेखराम साहू, धनेश यादव, नरेंद्र साहू,



हिमांशु आदि लोगों की उपस्थिति में भूमिपूजन का कार्य संपादित हुआ।

# कोलियारी में दो दिवसीय राम सत्ता का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम कोलियारी में दो दिवसीय राम सत्ता प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य रूप से आनंद यदु सभापति, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, ईश्वर साहू उपसरपंच, मनमोहन साहू बिसौहा साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, संजय साहू, टकेश साहू,मुकेश साहू, विनय साहू, बाबूलाल साहू, सत्येंद्र साहू, सूरज साहू, सहदेव साहू, मुरली साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

हरख ने सुनाये भजन और छत्तीसगढ़ी गीत

# रामधुनी प्रतियोगिता में शामिल हुईं नपं अध्यक्ष ज्योति जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत के भखारा और भठेली पुराना बाजार चौक तथा दुर्गा मंच में तीजा धार्मिक व सांस्कृतिक माहौल के बीच आयोजित रामधुनी प्रतियोगिता में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति तथा प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में भक्ति, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता को




मजबूत करते हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद गण अन्य अतिथियों की सहभागिता का स्वागत करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी से आयोजन की गरिमा और बढ़ जाती है।

नपं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने गणेश चतुर्थी, तीजा पर्व एवं पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि ये पर्व हमारी संस्कृति, आस्था और सामाजिक सद्भाव के प्रतीक हैं। गणेश चतुर्थी जहां विघ्नहर्ता श्री गणेश की आराधना का पर्व है, वहीं तीजा महिलाओं की आस्था और परिवार की मंगलकामना से जुड़ा हुआ है। पर्युषण पर्व हमें अपनी गलती को मानकर सभी से क्षमा याचना करने का सन्देश देता है।

इस अवसर पर अध्यक्ष सहित पार्षदगण हितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, भूपेंद्र यादव, परदेशी कँवर, चंद्रप्रकाश साहू, संतोष साहू, बस्ती पंचायत अध्यक्षगण नेकराम बंधु, दिनेश साहू दादी, जीतेन्द्र तेलासी, एसडी मानिकपुरी, झम्मन रामायनी, ईश्वरी साहू आदि ने आशा व्यक्त की कि सभी पर्व समाज में भाईचारे, आपसी प्रेम और खुशहाली को बढ़ाएंगे। वहीं हरख जैन ने धार्मिक भजन और छत्तीसगढ़ी गीत गाकर समा बाँध दिया। इस अवसर पर समिति सदस्यगण सहित नगरवासी, तीजहारिन बहने उपस्थित थे।

# रजनी ताई के निधन पर क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

रायपुर की प्रथम महिला विधायक रही श्रीमती रजनी ताई जी के निधन से पूरे प्रदेश में शोक की लहर व्याप्त है। उनका जीवन समाजसेवा और जनसेवा को समर्पित रहा। वे सदैव महिलाओं के उत्थान एवं गरीबों-शोषितों की आवाज बनीं। उनके निधन पर भाजपा जिला मंत्री व पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रजनी ताई का जाना समाज और राजनीति दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण की दिशा में जो कार्य किए हैं, वे हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत बने रहेंगे। अजजा मोर्चा के



जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम एवं नगरी के कार्यकर्ताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## खबर संक्षेप

### हाटकोंदल के बरगांव में की भगवान गणेश की स्थापना

**दुर्गुकोंदल।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को गणेश मूर्ति की स्थापना हाटकोंदल के बरगांव में किया गया। यह परंपरा गांव से चली आ रही है स्थापना में ग्रामवासियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन में पूरा गांव एकजुट होकर भाग ले रहा है। भगवान गणेश स्थापना के साथ ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। भगवान गणेश से समाज में शांति, समृद्धि और सकारात्मकता की कामना की गई। गांव में सार्वजनिक गणेश स्थापना से सामुदायिक एकता का संदेश भी मजबूत हुआ है। पूजा के बाद भगवान गणेश की आरती और भजन का आयोजन हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित लोगों ने मिलकर भगवान गणेश की स्तुति की और सुख-शांति की कामना की। भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना का यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन माना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि भगवान गणेश की कृपा से जीवन में सफलता, सुख और शांति प्राप्त होती है। इस अवसर पर भूषण रावठे, गिरधारी रावठे, रवि रावठे, जितेंद्र, चुमन, पिंटू, मुकेश मंडावी, सरोज मंडावी, शेखर पांडे, दिनेश रावठे, राजू रावठे, भुवनेश्वर, नरोत्तम आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### संकुल समन्वयकों को दिया गया बहुभाषी शिक्षण प्रशिक्षण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में समस्त संकुल समन्वयकों के लिए एक दिवसीय खंड स्तरीय बहुभाषी शिक्षण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन डाइट के प्राचार्य आनंद कुमार गुप्ता ने किया तथा जिला नोडल बहुभाषी शिक्षा प्रशिक्षण शशि सिंह और खंड स्त्रोत समन्वयक लतीप सोम के मार्गदर्शन में प्रशिक्षकों डॉ. धनाजू नरेटी, सोमसिंह नरेटी और मुकेश उसेंडी के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को बहुभाषी शिक्षा की अवधारणा से परिचित कराना और स्थानीय भाषाओं के उपयोग के माध्यम से शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाना था।

टैक्स जमा नहीं करने पर दुकानें सील की, नल कनेक्शन काटा, मियाद देकर टैक्स जमा करने कहा

# टैक्स वसूली के लिए वार्डों में निकली निगम टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

नगर निगम प्रशासन इन दिनों टैक्स वसूली के लए कमर कसकर सुबह शाम वार्डों में जाकर घर घर दस्तक दे रही है। बकायादारों से तत्काल टैक्स वसूली कर भविष्य में सही समय पर टैक्स जमा करने कहा जा रहा है। बकाया जमा नहीं करने पर दुकानें सील की जा रही है। घरों के निजी नल कनेक्शन काटा जा रहा है। निगम की इस ताबड़ तोड़ कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप है। कुछ लोग जैसे तैसे राशि की व्यवस्था करके बकाया जमा करके रसीद प्राप्त कर रहे हैं।

वसूली अभियान की कार्रवाई निगम आयुक्त प्रिया गोयल के आदेश पर किया जा रहा है। कमिश्नर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर शत प्रतिशत वसूली करने का लक्ष्य दिया है जिसके परिपालन में उपायुक्त पीसी सार्वा के



मार्गदर्शन वार्डों के लिए वसूली टीम गठित की गई है। वसूली प्रभारी मो. शेरखान ने बताया कि 40 वार्डों के लिए बकायादारों पर कार्रवाई करने 4 टीम का गठन किया गया है। दल प्रभारी नितिन बनवासी के अधीनस्थ बनियापारा, मोटर स्टैंड, कोष्टापारा दानीटोला, महात्मा गांधी वार्ड, रामपुर, महिमासागर, गोकुलपुर, मराठापारा, ब्राम्हणपार वार्ड हैं, सहयोगी के रूप में हेमंत यादव, छबिलाल प्रजापति, छबिलाल प्रधान, सनद साहू, नीलेश कोर्राम, गोविंद पात्रे वसूली में सहयोग करेंगे।

दल प्रभारी 2 सत्यमूर्ति नाडेम के अधीनस्थ घासीदास वार्ड, आमापारा, साल्हेवारपारा, सदर उत्तर, जालमपुर, विंध्यवासिनी, नवागांव, श्यामाप्रसाद, सदरदक्षिण, पोस्ट आफिस वार्ड है। सहयोगी के रूप में योगेश सुरे, खिलेश्वर साहू, कामता चौबे, गिरधर साहू, श्यामू सोना सहयोगी हैं। दल प्रभारी 3 मो. शेरखान के अधीनस्थ नयापारा वार्ड, रामसागरपारा वार्ड, रिसाईपूर्व, रिसाईपारा पश्चिम, टिकरापारा, जोधापुर, सोरिद, अम्बेडकर चौक, डाकबंगला, बांसपारा शामिल है। सहयोगी खिलावन रजक, सन्नी वाल्मिकी, सरिता सोना, कंचन आकाश किरण, कन्हैया मंडावी, आलोक तिवारी, कमलेश साहू हैं। दल प्रभारी 4 संजय गुप्ता के अधीनस्थ हटकेशर, विवेकानंद, सुभाष नगर, सुंदरगंज, वल्लभ भाई, बठेना, औद्योगिक, मकेश्वर वार्ड, शीतलापारा है। सहयोगी में इशहाक खान, रमेश ध्रुव, पवन देवांगन, दीपक पांडे, पुरूषोत्तम प्रजापति, गोविंद पात्रे वसूली में सहयोग करेंगे। मो. शेरखान ने बताया कि वसूली कार्रवाई के दौरान दुकानों के बकायादारों का दुकान सील करने की कार्रवाई प्रांरभ हो चुकी है। विभिन्न कॉम्पलेक्स पांच दुकानों को सील किया गया। साथ ही साथ नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई भी चलेगी।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व मार्च तक 10.92 करोड़ रूपये वसूलने का लक्ष्य है। फिलहाल 2.52 करोड़ की वसूली हो गई है। प्रक्रिया को तेज करने कमिश्नर के आदेश प्रसारित हैं। कम वसूली करने वाले टीम प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। निगम ने वसूली के लिए 38 दुकानों की लिस्ट बनाई है। जिसका लाखों रूपये बकाया है। अब निगम द्वारा गठित 4 टीमें वसूली करेंगी। निगम क्षेत्र में 10 हजार से अधिक मकानें हैं जहां टीम को पहुंचना है। 15 हजार नल कनेक्शन हैं।

## जंगल से जड़ी बूटी लाकर किया विशेष अनुष्ठान



- ऋषि पंचमी पर महिलाओं ने रखा उपवास, बैगाओं ने भी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

सप्तऋषियों को समर्पित ऋषि पंचमी का व्रत महिलाओं ने सादगी पूर्वक किया। इस दिन मंत्र साधकों ने विशेष अनुष्ठान कर अपने शिष्यों को दीक्षा दी। इस दिन से उनके शिष्य नकारात्मक शक्तियों के विरूद्ध अपने मंत्रों का प्रयोग कर सकते हैं।

ऋषि पंचमी व्रत उन महान ऋषियों को समर्पित है, जिन्होंने समाज को धार्मिक, आध्यात्मिक और नैतिक मार्गदर्शन दिया। उनके उपदेश और वेद मंत्र आज भी लोगों को सही जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। यह व्रत पवित्रता और आत्मशुद्धि के लिए उपयुक्त हैं।

महिलाएं इस व्रत को प्रमुखता से रखती हैं। इसके अतिरिक्त यह व्रत मंत्र साधकों और बैगाओं के लिए खास माना जाता है। जो मंत्र वे शिष्यों को सिखाए रहते हैं, इस दिन वे उन मंत्रों की दीक्षा देते हैं। इससे पहले विशेष अनुष्ठान भी किया जाता है। सुबह से ही मंत्र साधक चेलों के साथ जंगल की ओर चले गए थे। वहां पर जड़ी बूटियों को खोज खोज कर थैली में रखा। शाम को वे लौटे, इसके बाद पूजा पाठ का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा।

## चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 ने चलाया बालिका सुरक्षा माह के तहत जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

धमतरी जिला के कलेक्टर के दिशा निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला बाल एवं विकास विभाग के मार्गदर्शन में बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 14 अगस्त से 15 सितंबर 2025 तक बालिका सुरक्षा माह चलाया जा रहा है।

जागरूकता अभियान के तहत 28 अगस्त को चाइल्ड हेल्प लाइन परियोजना समन्वयक नीलम साहू,



सुपरवाइजर गिरधारी लाल, सुपरवाइजर अनुराग खलखो, केस वर्कर भूपेन्द्र सिन्हा, केस वर्कर गुनेश सेन केस वर्कर जागृति ध्रुव द्वारा स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल कुकरेल और शा. उच्च. माध्यमिक शाला डोमा में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। जिस दौरान बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य, बाल विवाह अधिनियम 2006, मानव तस्करी, बाल श्रम, पॉस्को एक्ट 2012, अच्छा स्पर्श व बुरा स्पर्श के अलावा चाइल्ड हेल्प लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 के बारे में भी पूर्ण जानकारी दिया गया।

## विहिप ने बस स्टैंड में पुलिस सुरक्षा की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जिला धमतरी द्वारा आज नए बस स्टैंड परिसर में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ तथा स्थानीय व्यापारियों से विवाद जैसी बढ़ती घटनाओं पर रोकथाम एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला मंत्री रामचन्द्र देवांगन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक महोदय, धमतरी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि नए बस स्टेंड परिसर एवं आसपास कुछ असामाजिक तत्व महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों से झगड़े- विवाद कर व्यापारिक माहौल को बाधित किया



जा रहा है। इन घटनाओं से नागरिकों में असुरक्षा और व्यापारियों में भय का वातावरण बन रहा है। इस संदर्भ में संगठन ने पुलिस प्रशासन से माँग की है कि नए बस स्टेंड परिसर एवं आसपास की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। महिला सवारियों की सुरक्षा हेतु सादी वर्दी में पुलिस बल की तैनाती की जाए। व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण देने के लिए नियमित गश्त की व्यवस्था की जाए। कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। ज्ञापन प्राप्त करने के उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा ने आश्वासन दिया कि धमतरी शहर की शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएँगे तथा पुलिस टीम को पूरी तरह से सतर्क एवं तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष यशवंत साहू, जिला सह मंत्री दीपक सोनी, जिला सह मंत्री दिलीप साहू, जिला धर्म प्रसार प्रमुख दक्षिणेंद्र गिरी, जिला सह संयोजक वैभव यदु, जिला सह संयोजक तुषार साहू, जिला संयोजिका मातृशक्ति निर्मला ध्रुव, जिला सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी कविता कुर्रे, प्रखण्ड संयोजक छत्रपाल साहू, मानव यादव, पप्पू निर्मलकर पुर्नेश सार्वा, धर्म प्रकाश सहित सभी बजरंगी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पॉलीटेक्निक कालेज रूद्री प्राचार्य के खिलाफ पनपा रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रूद्री धमतरी में पदस्थ प्राचार्य के द्वारा संस्था के दो तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को बिना कारण बताओ नोटिस दिए निलंबित कर दिया गया है। जिसके फल स्वरुप संस्था के समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण के बीच रोष व्याप्त है। ततसंबंध में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा नवनियुक्त मंत्री गुरू खुशवंत साहिब - मंत्री कौशल विकास व तकनीकी शिक्षा एवं जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया है।

समस्त अधिकारी व कर्मचारियों का आरोप है कि प्राचार्य द्वारा मनमानी की जा रही है। उनकी मनमानी के विरुद्ध कर्मचारी लामबंद हो गए हैं तथा उन्हें संस्था से हटाए जाने की मांग को लेकर काली पट्टी लगाकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। प्राचार्य को न हटाए जाने की स्थिति में संस्था के समस्त कर्मचारी व अधिकारियों ने फेडरेशन के बैनर तले सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का आह्वान किया



### सिविल सेवा नियम विरूद्ध काम करने के कारण निलंबित किया गया : साहू

इस संबंध में पॉलीटेक्निक कालेज के प्राचार्य जी.आर.साहू ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि उन्होंने दो कर्मचारियों को सस्पेंड किया है। इन दोनों कर्मचारियों ने सिविल सर्विस कंडक्ट रूल 1965 के नियम 3 और 5-2 का उल्लंघन किया है। जिसके कारण इन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 9-1 के अंतर्गत निलंबित किया गया है। उनका कहना है कि उक्त कर्मचारियों ने उनके साथ उनके कार्यालय में अभद्रता की है। वे कालेज के विकास के लिए लगातार काम रहे हैं। उनके कार्यकाल में कालेज की दर्ज संख्या में बढ़ोत्तरी हुई। वे हमेशा नियम के साथ चलते हैं। इससे कुछ विघ्नसंतोषी नियम विरूद्ध चलने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। वही लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। श्री साहू ने अपने ऊपर कर्मचारियों के द्वारा लगाए गए आरोप का खंडन किया है।

है। तत्संबंध में सूचना जिला प्रशासन एवं राज्य शासन को दी जा चुकी है। उक्त आशय की जानकारी फेडरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर द्वारा दी गई है। इस संबंध में प्राचार्य से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका है।

## स्वदेशी जागरण मंच का आत्मनिर्भर भारत पर सेमिनार का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को आत्मनिर्भर भारत - स्थानीय से वैश्विक- विषय पर एक भव्य सेमिनार का आयोजन 22 अगस्त शुक्रवार को सिंधी धर्मशाला में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के व्यापारियों और उद्यमियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना था। सेमिनार का उद्घाटन छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा प्रदेश उपाध्यक्ष राजा रोहरा, प्रदेश मंत्री आलोक पाण्डेय और स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक, भूपेन्द्र मिश्रा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में कैलाश कुकरेजा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन है। हमें अपने स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करना होगा ताकि हम वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सकें।

भूपेन्द्र मिश्रा ने स्वदेशी जागरण मंच के लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमारा उद्देश्य भारतीय उद्योगों और उत्पादों को बढ़ावा देना है। यह सेमिनार उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें गर्व है कि हम छत्तीसगढ़ के व्यापारिक समुदाय के साथ मिलकर इस मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं।

इस अवसर पर अनंत दीक्षित, चंद्रशेखर चौबे, सुरेंद्रपुरी गोस्वामी, सत्य नारायण राठी एवं विभिन्न क्षेत्रों के सफल उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने अपनी कंपनियों को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया। सेमिनार में आए विशेषज्ञों ने डिजिटल मार्केटिंग, निर्यात नीति और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जो व्यापारियों के लिए सहायक सिद्ध हो सकती हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक सुरेश महावर, सत्यनारायण राठी, ओमप्रकाश महावर, रमेश दिवानी, प्रमोद गुप्ता, मितेश जैन, सुरेश वर्लयानी, राजा वाधवानी, प्रकाश थारवानी, पंकज शर्मा, कन्नू कामरानी, रमेश जैन, अमृत सुन्दरानी, रमेश जैन,लालचंद आहूजा आदि उपस्थित थे।

## मंत्री खुशवंत साहेब का तिल्दा नेवरा में हुआ भव्य स्वागत



- मंत्री टंकराम वर्मा व महापौर रामू रोहरा भी रहे साथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

साय कैबिनेट के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब के प्रथम आगमन पर तिल्दा-नेवरा में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से धमतरी जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा तथा नगर निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा भी उपस्थित रहे। महापौर रामू रोहरा ने मंत्री खुशवंत साहेब का स्वागत करते हुए धमतरी में तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और शहर के युवाओं के उज्जवल भविष्य हेतु आवश्यक सहयोग की अपेक्षा जताई।

### ग्राम बगौद में पोला पर्व धूमधाम से मनाया गया

**अंवरी।** ग्राम बगौद में पोला पर्व धूमधाम से मनाया गया। पोला पर्व पर कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रस्साकसी, कबड्डी, दौड़, मटका फोड़ जैसे कार्यक्रम हुए। इस दौरान हेमलाल साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, कमलेश साहू, तुलाराम पाल सरपंच बंजारी, द्वारिका उपसरपंच बंजारी, सुरजा बाई उपस्थित थे।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**धमतरी।** संकुल स्रोत केन्द्र अरौद डुबान में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई जिसमें प्राथमिक विभाग से पुरंजय सोरी प्रथम एवं करिश्मा दूसरे स्थान पर रहे। माध्यमिक विभाग से तनुजा प्रथम एवं अनूप कुमार द्वितीय रहे। हाईस्कूल से मनीषा प्रथम एवं अनिता दूसरे स्थान पर रही। प्रथम एवं दूसरा स्थान पर आने वाले बच्चों को शील्ड प्रदान किया गया। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों का मानसिक विकास होता है। संकुल समन्वयक उत्तम कुमार गंगवीर ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। मौके पर राजेश मरकाम, संगीता यादव, देवहूति ध्रुव, उर्मिला ध्रुव, रिजवी, सुरेश साहू, भुवन प्रसाद सोरी, शिवशंकर तेता, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, जोगेंद्र बिसाई का सहयोग रहा।

94 साल से चली आ रही दो दिवसीय रामधुनी परम्परा

# सांस्कृतिक ऐतिहासिक धरोहर के नक्शे में नागमंदिर होगा शामिल : रामू

- तीजपर्व पर आयोजित रामधुनी कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

हटकेशर नागमंदिर स्थल में तीज पर्व आयोजित होने वाले परंपरानुगत रामधुनी उत्सव का समापन बुधवार को धूमधाम से किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्यअतिथि महापौर रामू रोहरा थे तथा अध्यक्षता भाजपा नेता महेंद्र पंडित ने की।

श्री नागेश्वर मानस प्रचार एवं रामधुनी समिति हटकेशर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय रामधुनी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि





महापौर रामू रोहरा ने मंच से लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि हटकेशर नागमंदिर का बहुत प्राचीन इतिहास है। प्रदेश में 11वी सदी का यह एकमात्र मंदिर है। जिस तरह से धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से मां विंध्यवासिनी मंदिर का विकास हुआ है। उसी तरह नागमंदिर को भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल के नक्शे में नागमंदिर को शामिल किया जाएगा।

महापौर ने पाइप लाइन बिछाने के दौरान वार्डवासियों को हुई परेशानी के लिए खेद व्यक्त करते हुए कहा कि 94 साल से चली आ रही परंपरा को जीवंत बनाए रखने को लेकर आयोजन समिति की तारीफ की। आयोजन समिति के संरक्षक लक्ष्मीनारायण साहू ने हटकेशर में नालंदा परिसर बनाने के लिए महापौर का आभार जताया।

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि भरत देवांगन, भागी नेताम, कैलाश यादव, शांतिलाल देवांगन, गिरधर देवांगन, लोकेश नेताम, उगेश बंसोर, लखन पटेल, लक्ष्मण साहू, श्याम देवांगन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रामनाम से झांकी तक का सफर

हटकेशर में रामधुनी का सौ साल पुराना इतिहास है। संतोष देवांगन, सालिकराम साहू, शंभू निर्मलकर, प्रेमलाल साहू, दुजराम साहू बताते हैं कि रामधुनी का इतिहास आजादी से पहले का है। शुरुवात में लोग एक स्थान में एकत्रित होकर रामनाम का जाप करते थे। सप्ताह भर का आयोजन होने से इसे रामसत्ता के नाम से जाना जाता है। धीरे धीरे ढोल मंजीरा के साथ राम नाम का जाप तथा धार्मिक कथाएं सुनाई जाती है। वर्तमान में इसका स्वरूप कथा के साथ झांकी प्रदर्शन का हो गया है। उन्होंने बताया कि समय के साथ लोगों को आकर्षित करने रामधुनी का स्वरूप बदलते गया।

### विभिन्न जिले के टीम ने दी प्रस्तुति

दो दिवसीय रामधुनी आयोजन में श्रीराम जानकी बस्तरिहा रामधुनी मंडली कांकेर, जय दशरथ नंदन रामधुनी बालोद, संगी जहुरिया रामधुनी बोहारा, जय मां पवईरानी रामधुनी सरगी, ज्ञान गंगा रामधुनी बारना के मंडलियों ने आकर्षक प्रस्तुति दी।

## खबर संक्षेप

### ईरागांव स्कूल की 17 छात्राओं को मिली सरस्वती सायकिल

**दुर्गुकोंदल।** हाई स्कूल ईरागांव में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 17 बालिकाओं को साइकिलों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रिया दुष्यंत वाड़िवा एवं प्राचार्य बिरेंद्र रावटे, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्कूल के दस्तावेजों, शिक्षक प्रशिक्षण और अन्य शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता की जांच की। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये संसाधन जरूरतमंद छात्रों तक पहुंचे, विशेष व्यवस्था की गई। इस अवसर पर स्कूल के कर्मचारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस आयोजन में भाग लिया। यह निरीक्षण न केवल शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि छात्राओं को सशक्त बनाने और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिकारियों ने शिक्षकों और स्कूल प्रशासन को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्रीय शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सके।

### चारामा में उपभोक्ता साक्षरता शिविर आज

**कांकेर।** चारामा जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आज 29 अगस्त शुक्रवार को सुबह साढ़े 11 बजे उपभोक्ता साक्षरता शिविर का आयोजन रखा गया है, जिसमें उपभोक्ता कानूनों के प्रति जागरूकता हेतु एवं ई- फाइलिंग ई- हियरिंग के संबंध में जिला उपभोक्ता आयोग के न्यायमूर्ति एवं विधि विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दिया जाएगा। इस शिविर में जनप्रतिनिधि, स्थानीय अधिवक्तागण, कर्मचारी, अधिकारी, विधि छात्र एवं जागरूक नागरिक शामिल हो सकते है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला हुई गंभीर

**पखांजुर।** पखांजुर तहसील अंतर्गत पीव्ही 129 गोविंदपुर निवासी 48 वर्षीय हरिदासी गोलदार पति खोकन गोलदार आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

### खिलाड़ियों का सम्मान, विविध प्रतियोगिताएं होंगी

# आज राष्ट्रीय खेल दिवस पर धमतरी में खेलों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत में 29 अगस्त का दिन खेलप्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए अत्यंत खास होता है। यह दिन केवल एक आयोजन या उत्सव भर नहीं, बल्कि खेल भावना और अनुशासन का प्रतीक है। इस तिथि को राष्ट्र महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर याद करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाता है। मेजर ध्यानचंद ने अपने खेल कौशल और अनुशासन से न केवल भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया, बल्कि खेल को एक नई पहचान दी। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि समाज में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, युवाओं को खेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित करना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना।

#### धमतरी में खेलों का महाकुंभ

इस वर्ष धमतरी जिले में राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक भव्य श्रृंखलाबद्ध आयोजन की योजना बनाई गई है। 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक चलने वाले मोर -खेल मोर गौरव- इन आयोजनों में बालक-बालिकाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी आयु वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यह खेल आयोजन जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

#### 29 अगस्त : एथलेटिक्स और रस्साकशी का उत्साह

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में 29 अगस्त की सुबह 11 बजे से खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ होगा। 100 मीटर और 400 मीटर दौड़, रिले रेस (बालक/बालिका, 14 से 19 आयु वर्ग एवं 19 से अधिक आयु वर्ग), रस्साकसी प्रतियोगिता। इस अवसर पर धमतरी जिले के वे खिलाड़ी, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित किए हैं अथवा प्रतिभागिता से जिले का नाम रोशन किया है, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी खेलों की ओर प्रेरित करेगा।



#### छत्तीसगढ़ सरकार की खेल नीति और नई पहल

छग सरकार खेलों के क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, खिलाड़ियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार द्वारा क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत खेल प्रतिभाओं को प्रशिक्षण, उपकरण और आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। ओलंपिक जैसे बड़े आयोजनों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 1 से 3 करोड़ रुपये तक की पुरस्कार राशि देने की नीति लागू की गई है। गांव-गांव और शहर-शहर में खेल बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जा रहा है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत धमतरी और कुरूद में इंडोर बैडमिंटन हॉल एवं मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण प्रशासनिक स्वीकृति के साथ प्रारंभ होने जा रहा है। यह अधोसंरचना जिले के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगी।

#### 30 अगस्त : खेलों की विविधता का परिचय

अगले दिन यानी 30 अगस्त 2025 को प्रतियोगिताओं का दायरा और व्यापक होगा। बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में दोपहर 12 बजे से कुश्ती, कराते और किकबॉक्सिंग प्रतियोगिताएं होंगी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन विशेष आकर्षण रहेगा। इसी दिन शिवसिंह वर्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धमतरी में शतरंज, टेबल टेनिस, वाद-विवाद और फिटनेस टॉक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह आयोजन खेल के साथ-साथ मानसिक क्षमता और बौद्धिक संवाद को भी महत्व देता है। साथ ही, नत्थुजी जगताप नगर पालिक निगम स्कूल धमतरी में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता होगी, जिसमें 14 से 19 आयु वर्ग और 19 से अधिक आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं अपनी ताकत और तैयारी का प्रदर्शन करेंगे।

#### 31 अगस्त : योग और साइक्लिंग के साथ समापन

श्रृंखला का समापन 31 अगस्त 2025 को होगा। सुबह 7 बजे मकई गार्डन धमतरी में योग का आयोजन होगा, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग सहित वरिष्ठ नागरिक भी हिस्सा लेंगे। योगाभ्यास के माध्यम से प्रतिभागी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को समझेंगे। इसी दिन सुबह 7 बजे संडे ऑन सायकल कार्यक्रम के अंतर्गत सायकल रैली का आयोजन होगा। यह रैली इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी से प्रारंभ होकर लक्ष्मी निवास, विंध्यवासिनी मंदिर, गणेश चौक सदर बाजार, जैन मंदिर, इतवारी बाजार और गौरव पथ से होते हुए पुनः इंडोर स्टेडियम में संपन्न होगी। यह साइकिल रैली फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण दोनों का संदेश लेकर आगे बढ़ेगी।

#### खिलाड़ियों का सम्मान और प्रोत्साहन

इन आयोजनों के माध्यम से धमतरी जिले के उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किए हैं। यह पहल केवल उनके प्रयासों को सराहने के लिए नहीं, बल्कि जिले के अन्य युवाओं को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देने के लिए है।

## तय सीमा से अधिक शुल्क लेने वाले चॉईस सेंटर संचालकों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माणी एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। इसके तहत पंजीकृत श्रमिकों के विशेषकर नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना और नोनी सशक्तिकरण सहायता योजनाएं चल रही हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जाता है, अधिकतम ऑनलाईन आवेदन सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से प्राप्त होते हैं।

इस सबंध में श्रमायुक्त सह श्रम सचिव के द्वारा जारी निर्देश के तहत कतिपय सीएससी संचालकों द्वारा श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों में श्रमिकों के पंजीयन, योजना आवेदन विभागीय पोर्टल में करने हेतु विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल की जा रही है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन पोर्टल में श्रमिक पंजीयन आवेदन हेतु 30 रूपये तथा योजना आवेदन हेतु 20 रुपये शुल्क निर्धारित है, जबकि कुछ सीएससी संचालकों के द्वारा पंजीयन, योजना आवेदन करने हेतु श्रमिकों से 1000-1500 रूपये तक लिया आ रहा है।

श्रमायुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी च्वाईस सेंटर संचालकों को श्रमिक पंजीयन, योजना हेतु निर्धारित शुल्क ही लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि अधिक शुल्क लेने पर जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी एवं मंडल स्तर पर समय-समय पर निगरानी की जाएगी। शिकायत मिलने पर संबंधित चॉईस सेंटर संचालक पर विधिवत कार्यवाही की आयेगी। जिला स्तर पर कलेक्टर के संज्ञान में प्रकरण लाया जाकर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी श्रम पदाधिकारी को दिए गए हैं। यह भी कहा गया है कि ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एवं चॉईस सेंटर संचालकों के साथ नियमित बैठक आयोजित की जाएगी। पोर्टल पर दर्ज श्रमिक पंजीयन एवं आवेदन की स्वीकृति, निरस्तीकरण की जानकारी भी रेण्डम आधार पर जांची जाएगी। पंजीयन एवं योजना आवेदन की स्थिति से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा।

श्रमिकों, हितग्राहियों को श्रमेव जयते मोबाईल एप के माध्यम से जागरूक किया जायेगा। सभी श्रम कार्यालयों एवं श्रम संसाधनों से श्रनिकां को ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। श्रमायुक्त ने साफ किया है कि श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तय सीमा से अधिक शुल्क लेने वाले चॉईस सेंटर संचालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अभियान चला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बी.सी.एस.शास.स्नातक महाविद्यालय धमतरी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. हेमवती ठाकुर के निर्देशन में एवं स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन, प्रो. कृष्ण कुमार देवांगन, कैम्पस अंबेसडर अर्पणा शर्मा एवं संकेत साहू के मार्गदर्शन में दिनांक 28 अगस्त 2025 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अभियान चलाया गया। उक्त अवसर पर स्वीप प्रभारी ने बताया कि 1 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका इपिक कार्ड नही बना है ऐसे सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रपत्र 06 वितरित किया गया। साथ ही ऑफलाइन एवं आनलाइन नाम जोड़ने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया ताकि समस्त पात्र मतदाताओं का अनिवार्य रूप से इपिक कार्ड बन सके। इस अवसर पर बी.एस.सी. पार्ट के छात्र-छात्राओं को प्रपत्र 06 वितरित कर उसे समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ 2 दिन के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया।

## महापौर को चोर कहने से भाजपाई आहत, एफआरआई की मांग

- प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों पर अमर्यादित शब्द का उपयोग करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बीते दिनों निगम में कथित डीजल घोटाला के मामले पर कांग्रेसियों द्वारा प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान कांग्रेसियों द्वारा महापौर पर अमर्यादित शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाकर भाजपा पार्षदों ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी को दिए आवेदन में कहा है कि 20 अगस्त को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के युवा इकाई युवक कांग्रेस धमतरी द्वारा नगर पालिक निगम में कथित डीजल घोटाला को लेकर घेराव किया गया था। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महापौर जगदीश रामू रोहरा के ऊपर व्यक्तिगत टिप्पणी करते हुए बिना किसी ठोस सबूत के खुलेआम रामू रोहरा चोर है, का नारा लगाया।

पार्षद विशु देवांगन एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के इस कृत्य व नारेबाजी से न केवल महापौर पद की गरिमा को ठेस पहुंची है बल्कि भारतीय जनता पार्टी पार्षद दल एवं पूरे संगठन की सार्वजनिक छबि धूमिल हुई है। बिना किसी ठोस आधार या सबूत के रामू रोहरा चोर है, की नारेबाजी करने से नगर में जगदीश रामू रोहरा की व्यक्तिगत मान-सम्मान व प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा महापौर के ऊपर व्यक्तिगत टिप्पणी करते हुए खुलेआम चोर शब्द का उपयोग किया जाना काफी अपमानजनक एवं मानहानि कारक है। इस प्रकार उनका कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। भाजपा पार्षद नरेन्द्र रोहरा, विजय मोटवानी, तल्लीनपुरी गोस्वामी, संतोष सोनकर, कुलेश सोनी, अनीता अग्रवाल, विभा चन्द्राकर, भाजपा महामंत्री महेन्द्र पंडित, अविनाश दुबे, गौरव मगर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्षद विशु देवांगन व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अपमानजनक नारेबाजी के संबंध में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## सेमरा डी में पौधारोपण किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

तीज पर्व के अवसर पर ग्राम सेमरा डी में एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण किया गया। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से घर पीछे एक पेड़ मां के नाम से पांच एकड़ की भूमि को वृक्षारोपण के लिए गांव बैठक कर प्रस्ताव पारित किया गया था। उक्त भूमि पर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया तथा ग्राम के प्रत्येक घर में एक पौधा लगाया गया। इस अवसर पर सरपंच सुनीता ध्रुव, उपसरपंच थानुराम साहू, ग्रामीण कोषाध्यक्ष कमलनारायण ध्रुव, लक्ष्मण साहू, फुलसिंग साहू, चन्द्रकुमार साहू, मोहन साहू, नितेश ध्रुव, राकेश निर्मलकर, गणेश निर्मलकर, डेमन निर्मलकर, महादेव ध्रुव, श्रीकांत नेताम, श्यामलाल, बिसौहाराम, कार्तिक यादव, टेमन पटेल, चन्द्रकांत चन्द्राकर, लुकेश कंवर, लीलेश्वरी नेताम आदि उपस्थित थे।

### कुर्रा में तिजहारिनों का हुआ सम्मान

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ के बारहमासी त्योहारों में से एक तीजा पोरा पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कुर्रा के युवाओं द्वारा तिजहारिन बहनों के सम्मान में सामूहिक तीज मिलन, करूभात का कार्यक्रम रखा गया। रात्रि में रामायण का आयोजन किया गया। तिजहारिन बहनों द्वारा सामूहिक पारंपरिक लोक नृत्य, सुआ गीत व बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

## अनवरत बारिश से दो परिवारों का आशियाना ढहा



- महापौर पहुंचे स्पाट पर, अवलोकन कर तहसीलदार को आवश्यक सहयोग करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लगातार हो रही बारिश से शहर के कई इलाको में परेशानियां बढ़ गई है। कहीं जलभराव का संकट पैदा हो गया है तो कहीं कच्चे मकान भरभराकर धराशायी हो रहा है। बीते रात्रि हुए मूसलाधार बारिश से सदर दक्षिण वार्ड, मराठा मंगल भवन के सामने बांसपारा चौक के पास श्रीमती सुखबती यादव का मकान धराशायी हो गया। हालांकि परिवार के सदस्यों को कोई गंभीर चोट नहीं आई है। खिसकते छत को देखकर परिवार वाले बाहर निकल गए। मकान का कच्चा खपरैल, बांस, बल्ली, दीवार पूरी तरह ढह गया।

घटना की जानकारी होने पर गुरुवार की सुबह 7 बजे महापौर रामू रोहरा स्पाट पर पहुंचकर अवलोकन किया। परिवार की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि सरकार हरसंभव मदद करेगी। मौके पर तहसीलदार को फोन करके महापौर ने सर्वे कराकर सरकारी सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। दूसरा मकान कुशलराम का है उनके मकान का भी महापौर ने अवलोकन किया। सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया। मकानों के गिरने से घर के अंदर रखे बर्तन, कपड़े, राशन सामाग्री, पलंग, आलमारी, टीवी आदि दब गए। समय रहते इसे हटा नहीं पाए। दीवारे गिरने के पहले सभी परिवारजन घर से बाहर निकल गए।

## सोरिद में चल रहा जुआ का रैकेट

- चार लोगों की चौकड़ी द्वारा खेलाया जा रहा जुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोरिद के एक घर में लाखों रूपए का दांव लगाकर जुआ रैकेट चलाया जा रहा है, जिसमें दूर-दूर से धमतरी जुआ खेलने पहुंचते हैं। पुलिस कार्रवाई के अभाव में जुए की महफिल रोज सज रही है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के सोरिद नगर में चार लोग चौकड़ी बनाकर बड़ा जुआ फड़ संचालित कर रहे हैं। यह वीकेआर व एक अन्य की चौकड़ी के द्वारा पुलिस कार्रवाई से पूरी तरह संरक्षण दिलाने का दावा कर दमदारी से जुआ फड़ संचालित किया जा रहा है। इस जुआ फड़ में शहर सहित दूर-दूर से लग्जरी कारों में बैठकर जुआ खेलने पहुंचते हैं। इन जुआरियों को चौकड़ी द्वारा पुलिस की कार्रवाई से बचा लेने का आश्वासन दिया जाता है, जिसके कारण जुआरी निडर होकर हजारों रूपए का दांव लगाकर जुआ खेलते हैं।

जबकि कुछ दिनों पहले कोतवाली पुलिस द्वारा सोरिद नगर के मुक्तिधाम के पास चल रहे जुआ फड़ में रेड मारकर कार्रवाई की गई थी, जिसमें तीन जुआरी गिरफ्तार किए गए थे। इसके बावजूद पुलिस सोरिद के एक घर में संचालित जुआ फड़ से अंजान बनी हुई है। अगर पुलिस छापामार कार्रवाई करती है तो कई चर्चित चेहरे बेनकाब होंगे। वहीं पुलिस संरक्षण दिलाने का भरोसा दिला कर जुआ फड़ संचालित करने वाला चौकड़ी भी बेनकाब होगा।

## हेमलता के निधन पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम नवागांव (थुहा) निवासी हेमलता साहू 67 वर्षीय का आकस्मिक निधन 27 अगस्त को हो गया। वे महेश साहू की पत्नी और शैलेंद्र, संदीप साहू की माता थी। उनके अंतिम संस्कार गृहग्राम में ही किया गया। उनके अंतिम संस्कार में अपने संबंधी होने के नाते श्रद्धांजलि अर्पित करने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित हुए। मौके पर उपेंद्र साहू सरपंच प्रतिनिधि, नरोत्तम साहू, गन्नू चंद्राकर, किशन साहू, तरुण साहू, पेमन कुमार एवं अन्य ग्रामीणजनों, परिजनों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गौठान सेवा के लिए जैन समाज सामने आया

महापौर से मिलकर चारा, पानी, भूसा की व्यवस्था करने इच्छा जाहिर की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

निगम द्वारा संचालित धमतरी के अंतर्गत गौठान सेवा कार्य में सहयोग देने शहर के जैन समाज आगे आया है। समाज के पदाधिकारियों ने महापौर से मिलकर गौठान की मवेशियों की देखभाल, चारा, भूसा, पानी उपलब्ध कराने की इच्छा जाहिर की तथा आवश्यक सहयोग देने की बात कहीं। महापौर ने जैन समाज के इस कदम की सराहना करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायी कहा। इससे मवेशियों को सुरक्षा मिलेगी। इस प्रकार की जनसहयोगिता के सभी समाज को सामने आना चाहिए। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सभी समाज का योगदान आवश्यक है। इस अभियान में शामिल होकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।




online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक
धमतरी, मो.नं. 98264-32896

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास, नगरी बसस्टैण्ड, सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज